# गुरुदेव तेरे चरणों में आना मेरा काम है | By Kumaar Mukesh

हे गुरुदेव तेरे चरणों में आना मेरा काम है
बिगड़े हुए मुकद्दर को बनाना आपका काम है
हे गुरुदेव तेरे चरणों में आना मेरा काम है.........

चाकरी तेरी गर मिल जाए भव सागर तर जाऊं मैं
झोलियाँ सबकी भरते गुरुवार और कहीं ना जाऊं मैं
तेरा सुमिरन करना गुरुवर अब मेरा ही काम है
हे गुरुदेव तेरे चरणों में आना मेरा काम है.........

सबने मुझको है ठुकराया बस तुमने अपनाया है
ध्यान लगाया चरणों में जीवन को धन्य बनाया है
चरणों में तेरे रहना गुरुवर अब मेरा काम है
हे गुरुदेव तेरे चरणों में आना मेरा काम है.........

हे गुरुदेव तेरे चरणों में आना मेरा काम है
बिगड़े हुए मुकद्दर को बनाना आपका काम है
हे गुरुदेव तेरे चरणों में आना मेरा काम है.........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%97%e0%a5%81%e0%a4%b0%e0%a5%81%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%b5-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%9a%e0%a4%b0%e0%a4%a3%e0%a5%8b%e0%a4%82-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%86%e0%a4%a8/